अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2022
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ब्लूम के अनुसार शिक्षण के उद्देश्य हैं- **(1)**

(A) ज्ञानात्मक उद्देश्य (B) भावात्मक उद्देश्य
(C) क्रियात्मक उद्देश्य (D) उपर्युक्त सभी

**2.** 'सा विद्या या विमुक्तये' शिक्षा का उद्देश्य किस विचारधारा का मानना है? **(1)**

(A) आदर्शवादी (B) प्रकृतिवादी
(C) प्रयोजनवादी (D) अस्तित्ववादी

**3.** गेस्टाल्ट मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त पर आधारित शिक्षण सूत्र है- **(1)**

(A) सूक्ष्म-शिथिल (B) ज्ञात-अज्ञात
(C) पूर्ण-अंश (D) विशिष्ट से सामान्य

**4.** 'शिक्षण एक त्रिध्रुवी प्रक्रिया है।' किसका कथन है? **(1)**

(A) जॉन डीवी (B) एडम्स
(C) रेमण्ट (D) एन्डरसन

**5.** सम्प्रेषण शब्द की उत्पत्ति किस लैटिन शब्द से हुई है? **(1)**

(A) कम्यूनिस (B) कम्यूनिकल
(C) कानुनिकेसन (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** सम्प्रेषण के प्रकार हैं- **(1)**

(A) चार (B) दो
(C) एक (D) तीन

**7.** प्रोजेक्ट पद्धति के जन्मदाता हैं- **(1)**

(A) फ्रोबेल (B) माण्टेसरी
(C) किलपैट्रिक (D) पेस्टालाजी

**8.** निम्न में से शिक्षण का सामान्य सिद्धान्त नहीं है- **(1)**

(A) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (B) रुचि का सिद्धान्त
(C) नियोजन का सिद्धान्त (D) परिमाण का सिद्धान्त

**9.** कल्पना एवं तर्क शक्ति का विकास किस शिक्षण प्रविधि के माध्यम से करते हैं? **(1)**

(A) व्याख्यान प्रविधि (B) प्रश्नोत्तर प्रविधि
(C) खेल प्रविधि (D) कहानी प्रविधि

**10.** सुकराती प्रविधि कहते हैं- **(1)**

(A) कहानी प्रविधि (B) प्रयोग प्रविधि
(C) प्रश्नोत्तर प्रविधि (D) विश्लेषण प्रविधि

**11.** शिक्षक केन्द्रित शिक्षण में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु होता है- **(1)**

(A) शिक्षक (B) विद्यार्थी

(C) प्रधानाचार्य (D) पाठ्यक्रम

**12.** सूक्ष्म-शिक्षण पद्धति के जन्मदाता हैं- **(1)**

(A) डी.एलेन (B) स्किनर

(C) बी.के. पासी (D) रायबर्न

**13.** पाठ-प्रस्तावना कौशल का आधार बिन्दु है- **(1)**

(A) पाठ्यक्रम (B) परिवार

(C) पूर्वज्ञान (D) पाठ

**14.** व्याख्यान विधि में छात्र बने रहते हैं- **(1)**

(A) मूक (B) सक्रिय

(C) निष्क्रिय (D) इनमें से कोई नहीं

**15.** अधिगम का अर्थ है- **(1)**

(A) लक्ष्य प्राप्त करना (B) सीखना

(C) व्यवहार करना (D) उपर्युक्त सभी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** सम्प्रेषण की एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

**17.** सम्प्रेषण के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं? **(1)**

**18.** शिक्षण में अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों का क्या अभिप्राय है? **(1)**

**19.** शिक्षण के किन्हीं दो शिक्षण-सूत्रों को लिखिए। **(1)**

**20.** प्रशिक्षण से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**21.** पुनर्बलन कितने प्रकार का होता है? **(1)**

**22.** अपेक्षित अधिगम शब्द का शाब्दिक अर्थ बताइए। **(1)**

**23.** बाल केन्द्रित शिक्षण की कोई दो विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**24.** खेल पर आधारित दो शिक्षण विधियों के नाम लिखिए। **(1)**

**26.** पर्यटन विधि का प्रयोग किन विषयों के शिक्षण हेतु लाभप्रद है? **(1)**

**27.** सूक्ष्म-शिक्षण को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**28.** शिक्षण-कौशल की एक परिभाषा दीजिए। **(1)**

**29.** श्यामपट्ट कौशल के किन्हीं दो घटकों के नाम लिखिए। **(1)**

**30.** स्पष्टीकरण युक्ति से आप क्या समझते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शिक्षा में मानचित्र व चार्ट की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** सम्प्रेषण के प्रकारों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**33.** क्रियाशीलता के सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए। **(2)**

**34.** शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अन्तर बताइए। **(2)**

**35.** उपचारात्मक शिक्षण को स्पष्ट करें। **(2)**

**36.** सूक्ष्म-शिक्षण की प्रक्रिया को समझाइए। **(2)**

**37.** बहुक्षेत्रीय शिक्षण से क्या अभिप्राय है? **(2)**

**38.** कथन युक्ति को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**39.** शिक्षण में 'अभिप्रेरणा का सिद्धान्त' से क्या आशय है? **(2)**

**40.** अपेक्षित अधिगम स्तर की संकल्पना क्या है? **(2)**

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2022

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN